FORM No. III

APP-A
Crim-I

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत ...उपखण्ड अधिकारी... मुकाम ...कोटा...

...सुमित... बनाम ...सरकार...

किस्म मुकदमा ...136... नं. ...12... सन् ...2026...

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
2/1/26	ग्राम सेवा शिविर 2025 के तहत आयोजित कैम्प स्थान ग्राम पंचायत रानपुर में प्रार्थी सुमित की ओर से प्रार्थना पत्र राजस्थान भू0 राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत पेश कर निवेदन किया है कि ग्राम धर्मपुरा पटवार हल्का धर्मपुरा में स्थित भूमि खाता संख्या 958 एवं 2591 में प्रार्थी का नाम सीताराम पुत्र किशनलाल दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में प्रार्थी का नाम सुमित दर्ज है। अतः राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी का नाम सही दर्ज किये जाने की कृपा करे। प्रार्थना पत्र के संबंध में तहसीलदार लाडपुरा से जॉच रिपोर्ट प्राप्त की गई। रिपोर्ट में तहसीलदार लाडपुरा द्वारा प्रार्थी का नाम सिताराम पुत्र किशनलाल का राजस्व रिकॉर्ड में नाम सीताराम उर्फ सुमित पुत्र किशनलाल किये जाने की अनुशंषा की है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर ग्राम धर्मपुरा की जमाबंदी खाता संख्या 958 एवं 2591 में प्रार्थी का नाम सीताराम पुत्र किशनलाल के स्थान पर सीताराम उर्फ सुमित पुत्र किशनलाल दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त निर्णय आज दिनांक ...2/1/26... को मेरे द्वारा लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफतर हो। (गजेन्द्र सिंह) उपखण्ड अधिकारी कोटा	